# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

## सत्र 2016–17

## अभ्यास कार्य पत्र

**कक्षाः छठी** **विषयः हिंदी**

खंड–क

**प्र०1 प्रस्तुत गद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–**

लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्तूबर ,1904 को वाराणसी के निकट मुगल सराय में एक निर्धन परिवार में हुआ था। इनके पिता शारदा प्रसाद एक साधारण अध्यापक थे। जब लाल बहादुर केवल डेढ वर्ष के थे, तब इनके पिता की मृत्यु हो गई। आर्थिक कठिनाइयों से घिरे, पिता के स्नेह से वंचित शास्त्री जी की शिक्षा बहुत कष्टमय स्थिति में हुई। बडी कठिनाई से मैट्रिक पास करने के बाद इन्होने काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि प्राप्त की। फिर गॉधी जी की पुकार पर ये देश के स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पडे। इन्होने अनेक बार जेल–यात्रा भी की। इस प्रकार उनके राजनीतिक जीवन की शुरूआत हुई। शास्त्री का संपूर्ण व्यक्तित्व व जीवन अनूठा था। 'जय जवान जय किसान' का नारा देने वाला छोटे कद का, परंतु विलक्षण व्यक्ति अपनी महान उपलब्दियों व गुणों के कारण सदियों तक याद किया जाएगा।

1. शास्त्री जी का जन्म कब हुआ था?
2. शास्त्री जी कितने वर्ष के थे जब इनके पिता की मृत्यु हुई ?
3. 'जय जवान जय किसान' किस का नारा था ?
4. मैट्रिक पास करने के बाद उन्होने कौन सी उपाधि प्राप्त की ?
5. शास्त्री जी स्वतंत्रता आंदोलन में किसकी पुकार पर कूद पड़े ?

**प्र०2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

क. कविता 'खग उडते रहना जीवन भर', के रचयिता कौन है ?
ख. कवि किसे जीवन भर उडने के लिए कह रहा है ?
ग. खग क्या भूल गया है ?
घ. इस कविता से हमें क्या सीख मिलती है ?
ङ. निम्न शब्दों के अर्थ लिखें :– प्रलय, उन्नत

खंड–ख

**प्र०3 लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–**

क. क्योंजीमल और कैसे–कैसलिया कौन थे ?
ख. कुमार कैसा आदमी था ?
ग. ऑस्ट्रेलिया का मौसम कैसा था और क्यों ?
घ. महाराज के दरबार में फरियादी क्या फरियाद लेकर आया था ?
ङ. पत्र के अनुसार राम प्रसाद बिस्मिल की क्या इच्छा थी ?
च. अंत में अलका ने क्या फैसला लिया ?

**प्र०4 दीर्घ उत्तर प्रश्नों के उत्तर लिखें :–**

क. हाथियों ने कुमार और उसके साथियों को क्यों नहीं कुचला ?
ख. सिडनी से मेलबॉर्न के सफर का वर्णन कीजिए।
ग. गुरू जी ने अपने शिष्य को संकट की घडी से किस प्रकार निकाला ?

घ. अशफाक उल्ला खाँ ने देशवासियों को क्या बताने के लिए पत्र लिखा ?

**प्र०5 निम्न शब्दों के अर्थ लिखें :–**

शावक, वास्तुकार, कोतवाल, नारायण, उज्जवल, निहत्थे, साक्षरता, मार्गदर्शन

**प्र०6 मूल्यपरक प्रश्नो का उत्तर लिखें**

क. सच्ची देशभक्ति हम किसे कहते हैं ?

**प्र०7 निर्देशानुसार उत्तर लिखें**

क. सहायता, स्थिति ( वर्ण–विच्छेद करें )

ख. बुराई, साक्षरता ( प्रत्यय अलग करें )

ग. i अलका ने .............. प्रवेश लिया ( रिक्त स्थान )

ii एमी ............... कक्षा में पढती थी।

घ. –– + रिक्त , –– + गम ( उपसर्ग लगाएँ )

ङ. पात्र, घी, दृश्य, दूध ( तत्सम, तद्भव शब्द अलग करे )

च. बाए हाथ का खेल ( मुहावरे का अर्थ लिख कर वाक्य बनाएँ )

छ. जयपुर, मेहनत ( संज्ञा से विशेषण शब्द बनाएँ )

**प्र०8 प्रश्नो के उत्तर लिखें**

क. राम का जन्म किस तिथि को हुआ था ?

ख. राजा जनक के छोटे भाई का क्या नाम था ?

ग. अपनी बात मनवाने के लिए कैकेयी किस भवन में जाकर बैठ गई ?

घ. वन जाने से पहले राम, सीता और लक्ष्मण ने कौन से वस्त्र पहने थे ?

ङ. भरत चित्रकूट किस लिए गए ?

च. मारीच की माँ का क्या नाम था ?

## खंड–ग

**प्र०9 लघु उत्तर प्रश्नों के उत्तर लिखे ।**

1.क्रिया किसे कहते है ? इसके कितने भेद हैं ? नाम लिखें।

2. व्याकरण से आप क्या समझते है ?

**प्र०10 अति लघु प्रश्नों के उत्तर लिखें :–**

1. संधि के कितने भेद है ?
2. वाक्य के अंगों के नाम लिखें ?
3. उष्म व्यंजन संख्या में कितने है ?
4. संयुक्त व्यंजन मुख्य रुप से कितने है नाम लिखें
5. प्रत्यय के भेदों के नाम लिखे

**प्र०11 लघु उत्तर प्रश्नों के उत्तर लिखे ।**

1. उर्दू, पंजाबी, बंगाली, हिंदी भाषा की लिपि लिखें।
2. ह्रस्वस्वर और दीर्घस्वर में अंतर उदाहरण सहित स्पष्ट करें।

**प्र०12 निर्देशानुसार उत्तर लिखें**

1. कष्ट, किनारा, तलवार, गंगा ( पर्यायवाची शब्द लिखें )
2. छत्र, छात्र / चर्म, चरम ( श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द कें अर्थ लिखें )

3. उत्सर्ग, अंबर (अनेकार्थक शब्द लिखें)
4. स्वीकृति, उपस्थिति, कृतज्ञ, उष्ण (विलोम शब्द लिखें)
5. परा, अभि, कम, अ (उपसर्ग लगाकर नया शब्द बनाएँ)
6. धोबिन, भुलक्कड़, मोटापा, सब्ज़ीवाला (प्रत्यय अलग करें)
7. i बहुत बड़े शरीर वाला (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द)
   ii जिससे परिचय न हो
8. पर + उपकार, कवि + इंद्र (संधि करें)
   नदी + ईश, राजा + ऋषि
9. i बच्चा हँस रहा है। (क्रिया के भेद लिखे)
   ii थाली में भोजन रखा है।
   iii रमा सो गई।
   iv मोहन पत्र लिख रहा है।
10. i पिता जी कल दिल्ली जाएँगे। (संदेहवाचक) (वाक्य परिवर्तन करें)
   ii धोबी ने कपड़े धोए। (प्रश्नवाचक)

**खंड– घ**

**प्र०13 निम्न दिए गए विषय पर पत्र लिखें**

1. आपके मुहल्ले में पानी की कमी है। पानी की उचित व्यवस्था कराने के लिए नगर निगम अधिकारी को पत्र लिखें।
2. माता जी के अस्वस्थ होने पर प्रधानाचार्या जी को अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र लिखें।

**प्र०14 निम्न विषय पर अनुच्छेद लिखें**

1. वाणी का महत्त्व : (मधुर बोली)
   - मधुर वाणी औषधी
   - कड़वी बोली द्वेष (शत्रुता) का कारण
   - दुष्प्रभाव
2. काल्ह करे सो आज कर
   - समय का महत्तव समझाना
   - पछताना
   - सफलता की कुंजी

**प्र०15 विज्ञापन रचना**

1. अक्षरा अगरबती पर एक आकर्षक विज्ञापन बनाएँ।
2. नवरंग साबुन पर एक विज्ञापन तैयार करें।
3. आइसक्रीम पर एक विज्ञापन तैयार करें।

**प्र०16 अभिलाषा पाठ्यपुस्तक की पृष्ठ संख्या 60 में दिए गए चित्र का वर्णन करें।**